# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला–भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी नेहा छीपा (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 61/2025

उनवान

1. छितरमल पुत्र श्री मोहनलाल जाति कलाल नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)

--प्रार्थी

बनाम

1. कुन्दनलाल पुत्र श्री देबीलाल जाति कलाल नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
2. किशनलाल पुत्र श्री देबीलाल जाति कलाल नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
3. प्रभुलाल पुत्र श्री देबीलाल जाति कलाल नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
4. मदनलाल पुत्र श्री भवानी शंकर जाति कलाल नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
5. रोशनलाल पुत्र श्री भवानी शंकर जाति कलाल नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
6. सत्यप्रकाश पुत्र श्री भवानी शंकर जाति कलाल नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
7. देउ पत्नी श्री भवानी शंकर जाति कलाल नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
8. संतोष देवी पत्नी राजकुमार कलाल जाति कलाल नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
9. अमरा पुत्र श्री छितर गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
10. मांगु पुत्र श्री छोगा गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
11. लादुलाल पुत्र श्री लालुलाल गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
12. केसु पुत्र श्री लादुलाल गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
13. गणेश पुत्र श्री चुना गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
14. गोमा पुत्र श्री लादुलाल गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
15. नन्दलाल पुत्र लालुलाल गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
16. नारायण पुत्र श्री लादुलाल गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
17. नारायण पुत्र श्री जोधालाल गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
18. पूरणमल पुत्र लालुलाल गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
19. भैरू पुत्र श्री छितर गाडरी नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
20. देउ देवी पत्नी श्री सोहन लाल कुम्हार नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
21. देवीलाल पुत्र श्री सोहन लाल कुम्हार नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
22. प्रेम देवी पुत्री श्री सोहन लाल कुम्हार नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
23. नन्दु देवी पुत्री श्री सोहन लाल कुम्हार नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
24. प्रेम देवी पुत्री श्री सोहन लाल कुम्हार नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
25. शान्ति देवी पुत्री श्री सोहन लाल कुम्हार नि0 देवली तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
26. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।(राज.)

---अप्रार्थीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

### निर्णय दिनांक 15–07–2025

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भूॅ–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 24.03.2025 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम देवली पटवार हल्का देवली भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र बरडोद तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) की खाता संख्या 105 की आराजी नम्बर 644 रकबा 0.1897 हैक्टयर, आराजी नम्बर 645 रकबा 0.3920 हैक्टयर, आराजी नम्बर 645/1 रकबा 0.0253 हैक्टयर, आराजी नम्बर 646 रकबा 0.2150 हैक्टयर, आराजी नम्बर 647 रकबा 0.2782 हैक्टयर, आराजी नम्बर 648 रकबा 0. 4299 हैक्टयर, आराजी नम्बर 649 रकबा 0.4426 हैक्टयर, कुल किता 07 कुल रकबा 1.9727 है0 भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 24.03.2025 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01,02, व 04 व 07 व 16 व 20,21,23,24,25 विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। विपक्षी संख्या 03,08 से 15 व 17 से 19 व 22 अदम तामील प्राप्त। इस पर अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा नियम सुनवाई पर उपस्थित होकर विपक्षी संख्या 03,08 से 15 व 17 से 19 व 22 के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही चाहने का कथन रखते हुए ओदशिका पर अंकित

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ–(राज.)

किया गया । प्रार्थी का निवेदन स्वीकार कर प्रा.पत्र में विपक्षी कम 03,08 से 15 व 17 से 19 व 22 का नाम डिलीट/विलोपित करने की आज्ञा पारित की जाती है।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत वहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

**–::आदेश::–**

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम देवली पटवार हल्का देवली भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र बरडोद तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) की खाता संख्या 105 की आराजी नम्बर 644 रकबा 0.1897 हैक्टयर, आराजी नम्बर 645 रकबा 0.3920 हैक्टयर, आराजी नम्बर 645/1 रकबा 0.0253 हैक्टयर, आराजी नम्बर 646 रकबा 0.2150 हैक्टयर, आराजी नम्बर 647 रकबा 0.2782 हैक्टयर, आराजी नम्बर 648 रकबा 0. 4299 हैक्टयर, आराजी नम्बर 649 रकबा 0.4426 हैक्टयर, कुल किता 07 कुल रकबा 1.9727 है0 भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा मौका कमिश्नर फीस 1000/–रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें। आदेश आज दिनांक 15.07.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ़

(नेहा छीपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ (राज.)